सम्पूर्ण आहार ईंट तकनीक

उपयोगिता

सम्पूर्ण पशु आहार ईंट तकनीक में चारा एवं दाना मिश्रण मिलाकर सस्ता एवं संतुलित आहार बनाया जाता है। विशेषकर जिन इलाकों में चारा-दाना आसानी से उपलब्ध नहीं होता वहां पशु का उत्पादन बनाए रखने के लिए सम्पूर्ण पशु आहार उत्तम विधि है। इस तकनीक द्वारा देश में पशु आहार उपलब्धता की क्षेत्रीय असमानता को पूरा किया जा सकता है। इस प्रणाली में उन कम गुणवत्ता वाले चारों का प्रयोग भी किया जा सकता है जिन्हें जानवर प्राय: न के बराबर खाता है ।

आवश्यक उपकरण, श्रम व पूँजी

सम्पूर्ण आहार ईंट के लिए ग्राइण्डर, मिक्सचर व ब्लॉक मशीन की आवश्यकता होती है। ब्लॉक मशीन लगभग 5,00,000 से 10,00,000 रुपये में अलग-अलग क्षमता के आधार पर उपलब्ध होती है। एक ईंट बनाने में लगभग 50 पैसे प्रति किलो की लागत आती है। ये सभी मशीनें विद्युत से चलने वाली हैं व इनमें दो या तीन फेज के कनैक्शन की आवश्यकता होती है।

• सम्पूर्ण आहार ईंट मशीन	रुपये 5 लाख
• विद्युत मोटर	25 एच.पी.
• विद्युत खर्च (प्रतिदिन)	150 यूनिट
• क्षमता	250 कि.ग्रा./घण्टा

सम्पूर्ण आहार ईंट मशीन

सम्पूर्ण आहार ईंट

पशुचिकित्सा एवं पशुपालन प्रसार शिक्षा विभाग
स्नातकोत्तर पशुचिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पी.जी.आई.वी.ई.आर.)
(राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय)
एन.एच. 11, आगरा रोड़, जामडोली, जयपुर-302031